an>

Title: Need to run train nos. 19029 and 19030 on daily basis from Mahuva to Bandra in Amreli Parliamentary Constituency of Gujarat.

श्री नारणभाई काछड़िया(अमरेली) :अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में तीन अप्रैल, 2017 को महुआ से बांद्रा तक दो नई ट्रेन्स चलाई गई थीं, जिनके नाम 19029 और 19030, महुआ-बांद्रा एक्सप्रेस और 22993 और 22994, महुआ-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस हैं। वर्तमान में इस ट्रेन को महुआ से बांद्रा तक वीक में केवल दो दिन ही चलाई जाती है।

सिर्फ दो दिन चलने के कारण इन दोनों ट्रेन्स की सीटें हमेशा फुल रहती हैं जिसके कारण रेलवे द्वारा प्रतीक्षा सूची वाली टिकटें जारी की जा रही हैं। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि गुजरात के लगभग 12 जिलों से यह ट्रेन गुजरती है, जैसे अमरेली, भावनगर, जूनागढ़, सुरेन्द्र नगर, अहमदाबाद, खेड़ा, आनन्द, बड़ौदा, भरुच, बलसाड़ और नवसारी होकर यह मुम्बई पहुंचती है। मुम्बई और सूरत वाणिज्य शहर होने के कारण यहां रोजगार की दृष्टि से अमरेली, जूनागढ़, भावनगर, सुरेन्द्रनगर, में टैक्सटाइल और डायमंड उद्योग हैं। इसलिए लोगों को वहां काफी आनाजाना करना पड़ता है। इसलिए हमारा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस ट्रेन को प्रतिदिन चलाया जाए।

मैं इस संबंध में कई बार मंत्री जी से भी मिल चुका हूं और हम 12 एमपीज का डेलीगेशन उनसे मिला है। इसलिए अमरेली जिले से सबसे नजदीक स्टेशन लेलियामोटन 15 कि.मी. की दूरी पर है। उसका स्टॉपेज नहीं होने के कारण यात्रियों को इस ट्रेन को पकड़ने के लिए 50 कि.मी. दूरी वाले दडसा और सावरकुर्ला स्टेशन जाना पड़ता है। इसलिए मेरा अनुरोध है कि लेलियामोटन स्टेशन पर इस ट्रेन का दो मिनट का स्टॉपेज दिया जाए।

अंत में, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से इतना ही निवेदन करना चाहता हूं कि दोनों ट्रेन्स को प्रतिदिन के आधार पर चलाया जाए जिससे रेल मंत्रालय को एक अच्छे राजस्व की प्राप्ति हो सके और साथ ही यात्रियों की समस्या का समाधान भी हो सके। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री शरद त्रिपाठी और

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री नारणभाई काछड़िया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।